# कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**


विज्ञप्तिः— 30/2025 दिनांकः— 10 सितम्बर, 2025

## सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन के रिक्त पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में अभिलेख सत्यापन उपरान्त अनर्ह अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में सूचना

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा दिनांक **08 जून 2025 (रविवार)** को सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन के रिक्त 79 पदों पर सीधी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसके क्रम में दिनांक **25 अगस्त 2025** को अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों का विवरण चिकित्सा चयन बोर्ड द्वारा प्रसारित किया गया।

उक्त लिखित परीक्षा में प्रवीणता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले या निर्धारित कट—ऑफ अंक और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन हेतु दिनांक 09 सितम्बर 2025 को चयन बोर्ड कार्यालय में आमंत्रित किया गया था। **अभिलेख सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन के उपरान्त अनर्ह अभ्यर्थियों की विस्तृत सूची उनके अनर्हता के कारण के साथ या अन्य किसी अभ्युक्ति वाले अभ्यर्थियों तथा अनुपस्थित अभ्यर्थियों की सूची चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड कार्यालय की आधिकारिक वैबसाइट** www.ukmssb.org **पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रेषित की गई है।** बोर्ड कार्यालय द्वारा जारी अर्हता/अभ्युक्ति/अनुपस्थिति अभ्यर्थियों की सूची के क्रम में यदि कोई अभ्यर्थी स्वयं के सम्बन्ध में कोई कथन लिखित रुप में देना चाहते हैं, तो अपना प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारुप के साथ बोर्ड कार्यालय में ई—मेल ukmssbexam@gmail.com पर अथवा व्यक्तिगत रुप से निर्धारित प्रारुप के साथ स्वप्रमाणित साक्ष्य संलग्न कर **दिनांक 10 सितम्बर 2025 से से 15 सितम्बर 2025 सांय 05.00 बजे** तक प्रस्तुत कर सकते हैं। **यह अंतिम अवसर है, उक्त के पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त प्रत्यावेदनों पर बोर्ड द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।**

ह0/—
(प्रदीप जोशी)
सचिव